**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**मानव संसाधन प्रबंध विभाग, चेन्नै**

**निविदा सूचना**

**भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै के अधिकारी लाउंज और भोजन कक्ष (ओएलडीआर) में अधिकारियों के लिए केटरिंग सेवा] कॉफी / चाय वेंडिंग मशीन स्थापित करने पेंट्री सेवाओं के लिए ई-निविदा**

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै निम्नलिखित कार्य के लिए ऐसे पात्र संविदाकारों से ई-निविदा के माध्यम से दो-भाग निविदा आमंत्रित करता है जो नीचे विनिर्दिष्ट न्यूनतम पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं। जिस कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं उसका मुख्य ब्योरा और बोलीदाता के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश निम्नानुसार हैं:

| | | |
|---|---|---|
| क. | विभाग का नाम | मानव संसाधन प्रबंध विभाग (एचआरएमडी), भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै। |
| ख. | ई-निविदा संख्या: | आरबीआई / चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय / एचआरएमडी / 6 / 25-26/ईटी/1034 (केटरिंग-चाय-कॉफी-सीवीएम- आरबीआई) |
| ग. | ई-निविदा का नाम (कार्य का विवरण) | भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै के अधिकारी लाउंज और भोजन कक्ष (ओएलडीआर) में अधिकारियों के लिए केटरिंग सेवा और कॉफी / चाय वेंडिंग मशीन स्थापित करने एवं पेंट्री सेवाएं प्रदान करना |
| घ. | निविदा का माध्यम | https://www.mstcecommerce.com/eprocn (एमएसटीसी पोर्टल) के माध्यम से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम ऑनलाइन (भाग I - तकनीकी बोली और भाग II - वित्तीय बोली) |
| ङ. | पार्टियों को डाउनलोड करने के लिए एनआईटी उपलब्ध होने की दिनांक | **20 फरवरी 2026 को अपराह्न 13:00 बजे से** |
| च. | निविदा का अनुमानित मूल्य | **(लगभग) ₹2,21,32,000/- (दो करोड़ इक्कीस लाख बत्तीस हजार रुपये मात्र) ।**<br>**प्रारंभ में 1 जून 2026 से 31 मार्च 2027 तक 10 महीने के लिए, और संविदाकार द्वारा संतोषजनक कार्यनिष्पादन और बैंक के विवेक पर आधारित, अधिकतम दो वर्षों तक** |

| | | |
|---|---|---|
| | | **(एक बार में एक वर्ष) यानी 31 मार्च 2029 तक विस्तारित किया जा सकता है।** |
| छ. | बयाना जमाराशि (ईएमडी) | **एनईएफटी** द्वारा **₹4,42,640/- (रुपये चार लाख बयालीस हजार छः सौ चालीस मात्र)**<br><br>लाभार्थी का नाम: एनईएफटी आवक खाता<br><br>लाभार्थी का खाता सं.: 186003001<br><br>आईएफएससी: RBIS0CNPA01<br>(5वां और 10वां अंक शून्य है)<br><br>**टिप्पणी**:<br>कृपया ब्योरा " **निविदा - कैटरिंग – ओएलडीआर & चाय / कॉफी सेवाएं"** के रूप में दर्ज करें।<br>***ईएमडी जमा करने संबंधी प्रमाण एमएसटीसी पोर्टल में अपलोड किया जाना है। बोलीदाताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि वे लेन-देन संख्या (स्कैन की गई प्रति) के साथ राशि जमा किए जाने का प्रमाण ईमेल आईडी: oldrchennai@rbi.org.in पर भेजें।*** |
| ज. | https://www.mstcecommerce.com/eprocn पर तकनीकी बोली और वित्तीय बोली शुरू होने की दिनांक | **19 मार्च 2026 को पूर्वाह 11:00 बजे** |
| झ. | ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक | **06 अप्रैल 2026 को अपराह्न 18:00 बजे** |
| ञ. | तकनीकी बोली और वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन ई-निविदा के समापन की दिनांक | **06 अप्रैल 2026 को अपराह्न 18:00 बजे** |
| ट. | बोली-पूर्व बैठक (ऑफ़लाइन) | बैंक के प्रामाणिक स्रोत से निविदा के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का विकल्प चुनने वाले इच्छुक बोलीदाताओं के लिए एक बोली-पूर्व बैठक आयोजित की जाएगी।<br><br>बोली-पूर्व बैठक की दिनांक और समय: |

| | | |
|---|---|---|
| | | **17 मार्च 2026 को पूर्वाह 11:00 बजे**<br><br>बोली-पूर्व बैठक के आयोजन का स्थान:<br>भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, सम्मेलन कक्ष-1, दूसरी मंजिल, फोर्ट ग्लासिस, राजाजी सालै, चेन्नै-600001<br><br>अस्वीकरण: केवल बोली-पूर्व बैठक में सहभागिता संविदा प्रदान करने की गारंटी नहीं होगी और यह निविदा में उल्लिखित निबंधन व शर्तों के अधीन है।<br><br>बोली-पूर्व बैठक में सहभागिता केवल स्वैच्छिक है और इसमें भाग लेने के लिए सभी व्यवस्थाएं, इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा की जानी चाहिए।<br><br>बोली पूर्व बैठक संपूर्ण निविदा के किसी प्रावधान प्रामाणिक/ प्राधिकृत बैंक स्रोत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का एक मंच मात्र है। साथ ही, बैंक किसी भी परिस्थिति में किन्हीं भी शर्तों एवं निबंधनों में छूट देने के लिए किसी भी दावे को स्वीकार नहीं करेगा।<br><br>बैठक की दिनांक और समय परिवर्तन के अधीन है। यदि बैंक आवश्यक समझे तो अपने विवेक से बोली-पूर्व बैठक को रद्द कर सकता है। |
| ठ. | भाग । (तकनीकी बोली) के खुलने की दिनांक और समय | **7 अप्रैल 2026 को पूर्वाह 11:00 बजे** |
| ड. | भाग- ॥ (वित्तीय बोली) के खुलने की दिनांक और समय | भाग-॥ (वित्तीय बोली) इलेक्ट्रॉनिक रूप से केवल उन्हीं बोलीदाता (बोलीदाताओं) के लिए खोली जाएगी जिनका भाग-। (तकनीकी बोली) भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै द्वारा स्वीकार्य पाया जाता है।<br><br>ऐसे बोलीदाता (बोलीदाताओं) को उनके द्वारा दिए गए वैध ई-मेल के माध्यम से भाग-॥ (वित्तीय बोली) खोलने की दिनांक के बारे में सूचित किया जाएगा। |
| ढ. | निविदा की वैधता | निविदा के भाग-। (तकनीकी बोली) के खुलने की दिनांक |

| | | |
|---|---|---|
| | | से 90 दिन |
| ण. | लेन-देन शुल्क | एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में एमएसटीसी पेमेंट गेटवे/ एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से एमएसटीसी पोर्टल में उल्लिखित लेन-देन शुल्क का भुगतान। |

2. बोलीदाता जो निम्नलिखित न्यूनतम **पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।**

| **क्र.सं.** | **मानदंड** | **अपेक्षा** |
|---|---|---|
| 1. | पूर्वानुभव की अवधि | बोलीदाता को 31.03.2026 तक सरकारी विभागों (केंद्रीय या राज्य)/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ बैंकों/ वित्तीय संस्थानों/ रेस्तरां/ होटल प्रबंधन/ कॉर्पोरेट कार्यालयों या इसी तरह की स्थापनाओं में संस्थागत कैटरिंग एवं पैन्ट्री सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में कम से कम पांच वर्षों से होना चाहिए। बोलीदाता ने पिछले पांच (5) वर्षों के दौरान "समान कार्य" का निष्पादन किया होना चाहिए। |
| अनुबंधों के लिए, कृपया निविदा दस्तावेज़ देखें | | |

(i) ***समान कार्य का अर्थ है 'सरकारी विभागों / बैंकों / प्रतिष्ठित सार्वजनिक / निजी क्षेत्र के संस्थानों / संगठनों में संस्थागत कैटरिंग और पैन्ट्री सेवाओं का कार्यान्वयन, जिसमें भोजन सुविधा संचालन, पैन्ट्री प्रबंधन, कर्मचारियों के लिए चाय/कॉफी सेवा और कॉफी/चाय वेंडिंग मशीन का संचालन एवं रखरखाव शामिल है।'**

(ii) समान कार्य की लागत की गणना करते समय, समान कार्य (ऊपर उल्लिखित) की परिभाषा में शामिल कार्यों के अलावा निष्पादित कार्य के घटकों की कटौती की जाएगी। बोलीदाता इसके समर्थन में कार्य की लागत का सार प्रस्तुत करेगा।

(iii) बैंक जब कभी आवश्यक समझे तो उसे उक्त दस्तावेज़ों की प्रामाणिकता का सत्यापन करने / करवाने का अधिकार होगा।

(iv) बैंक के पास बोलीदाताओं के अर्हक कार्य(कार्यों), बैंकर (बैंकरों) की रिपोर्ट, यदि वांछित हो, के लिए ग्राहकों से कार्यनिष्पादन रिपोर्ट सीधे प्राप्त करने का अधिकार सुरक्षित है। बैंक बोलीदाता द्वारा अपनी बोली में उल्लिखित अपने कार्य पात्र/ अर्हक कार्यों का स्वयं निरीक्षण भी कर सकता है।

(v) यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने इन-हाउस या पूंजीगत उपयोग के लिए निष्पादित कार्य को समान कार्यों के पूरा होने के कार्य अनुभव के प्रयोजन के लिए नहीं माना जाएगा।

**(vi) यदि पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप में स्थान पर्याप्त नहीं है तो ऐसी जानकारी बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार कागज की एक अलग शीट पर प्रस्तुत की जा सकती है जो मुहर के साथ विधिवत हस्ताक्षरित हो और स्कैन करके सहायक दस्तावेज़ों के साथ अपलोड की जा सकती है।**

(vii) यदि किसी कॉलम में कोई सूचना नहीं दी जानी है तो उस कॉलम में **शून्य** या **ऐसा कोई मामला नहीं** प्रविष्टि की जानी चाहिए। यदि बोलीदाता के मामले में कोई विवरण/ प्रश्न लागू नहीं होता है तो इसे **'लागू नहीं'** के रूप में बताया जाना चाहिए। निविदा दस्तावेज के साथ सभी विनिर्दिष्ट अनुलग्नक संलग्न किए जाएं और प्रतिलिपियां स्व-अनुप्रमाणित हों।

(viii) बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली जो उपर्युक्त पूर्व अर्हता मानदंड को पूरा नहीं करती पाई जाती है उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। झूठी और/ या अधूरी जानकारी वाली बोलियां अस्वीकृत की जा सकती हैं।

(ix) संपूर्ण ब्योरे के लिए कृपया निविदा दस्तावेज, तकनीकी बोली और वित्तीय बोली देखें। इसके अलावा, शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट, यदि कोई हो तो, बैंक की वेबसाइट [www.rbi.org.in](http://www.rbi.org.in) पर 'निविदाएं' लिंक के अंतर्गत और [https://www.mstcecommerce.com/eprocn](https://www.mstcecommerce.com/eprocn) पर होस्ट किया जाएगा।

(x) <u>बैंक सबसे कम निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।</u>

***